Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding setting up of a 100-bedded super-speciality hospital in Kisangarh, Rajasthan-laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): किशनगढ़ मार्बल एवं ग्रेनाइट एशियामहाद्वीप में उत्पादन एवं वितरण का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र है । यहां पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम श्रेणी के करीब 1200 इकाइयां संचालित हो रही है जिनमें लगभग 50000 अकुशल, अशिक्षित श्रमिक नियोजित है जहाँ चूक के चलते भयानकदुर्घटना घटित हो सकती हैं । गैंट्री एवं प्रसंस्करण में 15-20 से टन तक के भारी ब्लॉक्स पर कार्य किया जाता है , जहां पर श्रमिकों को भयंकर चोट लग जाती है तथा कई मामलों में समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिलने से दर्दनाक मृत्यु हो जाती है । जोखिम क्षेत्र में संकटकालीन विकट परिस्थितियों से राहत पाने का एकमात्र सर्वोत्तम उपाय यही है कि किशनगढ़ में सो बैड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल हो जिसमें हड्डि एवम ट्रोमा विभाग अनिवार्य रूप से शामिल हो । अतः श्रमिक हित एवम आवश्यकता को देखते हुये कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल की स्वीकृति प्रदान कराकर अनुग्रहित कराएं ।